Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 19-12-2006

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

>

Title: Regarding issue of continuance and utility of MPLAD Scheme as challenged in Mumbai High Court.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : मैंने भी यही संदर्भ दिया है कि र्वा 1994 में रिट पेटीशन नं0 1698/94 दायर की गयी थी। इतने र्वाों से यह मामला लम्बित है और खेद की बात यह है कि केन्द्र सरकार की ओर से इस पर ध्यान नहीं दिया गया। अब इस मामले में अन्तिम तारीख 31 जनवरी, 2007 रखी गयी है। यह आखिरी तारीख होगी और अगर उस दिन हमने अपने पक्ष को ठीक से नहीं रखा तो यह निर्णय हमारे विपरीत भी हो सकता है। हम यहां लोकसभा में यह मांग करते हैं कि यह एमपी फण्ड बढ़ाया जाए। इसकी आवश्यकता को हम सभी समझते हैं। अगर माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा मुंबई में कोई अदरवाइज निर्णय दिया गया तो निश्चित रूप से हम सभी लोगों के लिए दुख की बात होगी।... (व्यवधान) इसलिए मेरा आग्रह है कि आप केन्द्र सरकार को निदेर्शित करें कि इस दिशा में तुरन्त प्रभावी कदम उठाए और 31 जनवरी को अपना पक्ष सही ढंग से वहां रखें।